<u>समाचार</u>

<u>महापौर ने किया राताखार बस्ती के विभिन्न मोहल्लों का दौरा</u>

<u>(सड़क, नाली सहित विभिन्न समस्याओं का अवलोकन कर समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश)</u>

कोरबा 16 सितम्बर 2017—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के वार्ड क्र. 03 राताखार बस्ती के विभिन्न मोहल्लों का दौरा किया, उन्होने सड़क, नाली, निर्माण व मरम्मत तथा सार्वजनिक मंच मरम्मत कार्य सहित विभिन्न समस्याओं का अवलोकन कर इन समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होने वार्ड की अव्यवस्थाओं के संबंध में नाराजगी जाहिर करते हुए अभियंताओं को फटकार लगाई तथा व्यवस्थाओं में सुधार लाने को कहा।

अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 03 राताखार बस्ती के विभिन्न मोहल्लों का दौरा कर समस्याओं का निरीक्षण किया। उन्होने वार्ड के गड्ढापारे मोहल्ले, बजरंग चौक, सतनामी मोहल्ला, गौरा चौक सहित अन्य विभिन्न मोहल्लों का दौरा किया तथा मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते हुए वहां के निवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को जाना तथा निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने मोहल्लों में स्थित नालियों की नियमित सफाई तथा बरसाती पानी एवं दैनिक उपयोग के दौरान घरों से निकले हुए पानी की समुचित निकासी के मद्देनजर नालियों के ढलान में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर बस्तीवासियों ने वहां पर सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक मंच निर्माण का आग्रह किया, जिस पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>साफ—सफाई पर विशेष ध्यान दें</u>— भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री व्ही. के. सारस्वत को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि साफ—सफाई कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाए, सफाई कार्य के दौरान जिम्मेदार अधिकारी कार्यो की अनिवार्य रूप से मानीटरिंग करें, नालियों की सम्पूर्ण सफाई की जाए, सफाई के दौरान निकले हुए कचरे को तुरंत उठाकर उसे निर्धारित स्थान पर ले जाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि सफाई के दौरान निकला हुआ कचरा खुले में न पड़ा रहे।

महापौर श्रीमती अग्रवाल के भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद रविसिंह चंदेल, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक मुर्तजा अंसारी, रंजनी पाण्डेय, समशेर अली, अमृत बाई यादव, सहायक अभियंता के.पी.दहायत, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, उप अभियंता पीयूष राजपूत, विनोद कुमार गोंड, चन्द्रकांत यादव़ आदि के साथ काफी संख्या में बस्ती के लोग उपस्थित थे।